BECC-133

# कला स्नातक कार्यक्रम
# (BAG)

## सत्रीय कार्य 2022-23
## (जुलाई 2022 और जनवरी 23 सत्र हेतु)

पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी.सी.–133
पाठ्यक्रम शीर्षक : समष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत-I


सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

# बीईसीसी-133 : समष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत–I

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम-निर्देशिका में सूचित किया था, इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः (i) सत्रीय कार्य द्वारा निरंतर मूल्यांकन; और (ii) सत्रांत परीक्षा। अतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30% अंक निर्धारित है, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70% अंक।

आपको 6 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 3 सत्रीय कार्य करने होंगे, और 4 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 2 सत्रीय कार्य करने होंगे। इस सत्रीय कार्य की पुस्तिका में **बी.ई.सी.सी.-133: समष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत-I** नामक कोर पाठ्यक्रम का सत्रीय कार्य सम्मिलत है जो 6 क्रेडिट का पाठ्यक्रम है। इस पुस्तिका में 3 शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य है जिनके अंकों का योगफल 100 है और मूल्यांकन में भार 30% है।

सत्रीय कार्य-I में वर्णात्मक श्रेणी के प्रश्न (DCQs) हैं। इनमें आपको निबंधात्मक उत्तर लिखने हैं जिनमें प्रस्तावना और निष्कर्ष भी होते हैं। इनका लक्ष्य आपकी विषयवस्तु को ठीक से समझ उसे भली प्रकार सुस्पष्ट रूप से व्यक्त करने की क्षमता का मूल्यांकन करना है।

सत्रीय कार्य-II में मध्य श्रेणी के प्रश्न हैं। यहाँ आपकी विषय की तर्कों के अनुसार व्याख्या करते हुए संगठित उत्तर लिखने की क्षमता का मूल्यांकन किया जाता है। दूसरे शब्दों में, आपकी विभिन्न संकल्पनाओं एवं प्रक्रियाओं में भेद एवं तुलना कर पाने की क्षमता का यहाँ आंकलन किया जाएगा।

सत्रीय कार्य–III में, संक्षिप्त उत्तर वर्ग (SCQs) के प्रश्न हैं। ये प्रश्न आप व्यक्तियों, रचनाओं, घटनाओं या संकल्पनाओं एवं प्रक्रियाओं का पुनःस्मरण कर संबद्ध जानकारी को संक्षेप में व्यक्त करने की क्षमता का विकास करेंगे।

सत्रीय कार्य करना आरंभ करने से पूर्व कार्यक्रम निदेशिका के निर्देशों को ध्यानपूर्वक समझ लें। यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि आप अपने शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दें। आपके उत्तर बताई गई शब्द सीमा में ही होने चाहिए। याद रखें कि इन प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन कला में सुधार होगा और आपकी परीक्षा हेतु तैयारी भी होगी।

आपको सत्रांत परीक्षा में शामिल होने का पात्र बनने के लिए कार्यक्रम निदेशिका में बताई गई समय सीमाओं में ही अपने सत्रीय कार्य जमा कराने होंगे।

**ये सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास निम्नलिखित समय सीमा के अंदर जमा करा देने चाहिए।**

**i) जुलाई 2022 सत्र में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, 2023 है।**

**ii) जनवरी 2023 सत्र में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए सत्रीय कार्य जमा कराने की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर 2023 है।**

आपको अध्ययन केंद्र से सत्रीय कार्य जमा करने की रसीद मिलेगी। उसे संभाल कर रखें। संभव हो तो अपने सत्रीय कार्य की एक फोटो प्रतिलिपि भी करा रखें।

अध्ययन केंद्र मूल्यांकन के बाद आपके सत्रीय कार्य आपको लौटाएगा। आपको मिले अंक अध्येता मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजें जाएंगे?

हम आशा करते हैं कि आप सभी प्रश्न सत्रीय कार्यों में उनके लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार हल करेंगे। इन बातों का ध्यान रखना उपयोगी रहेगा :

1) **नियोजन :** प्रश्नों को ध्यान से देखें और उन इकाइयों को पढ़ें जिन पर वे आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को लिखकर रखें तथा उन्हें तार्किक क्रम में संयोजित करें।

2) **गठन :** अपने उत्तरों की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार करते समय कुछ चयन और विश्लेषण ज़रूर करें। अपनी प्रस्तावना तथा निष्कर्षों पर विशेष ध्यान दें।
सुनिश्चित करें कि आप के उत्तर :
(क) तर्काधारित एवं सुसंगतिपूर्ण हों;
(ख) वाक्यों एवं अनुच्छेदों के बीच स्पष्ट संबंध सूत्र हों, और
(ग) लिखते समय अभिव्यक्ति, शैली एवं प्रस्तुति पर पर्याप्त ध्यान देते हुए सही उत्तर दिए गए हों।

3) **प्रस्तुति :** जब आप स्वयं संतुष्ट हो जाएं तो जमा कराने के लिए अपने अंतिम साफ-साफ लिखें, जहाँ आवश्यक हो, महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित भी करें। यह भी ध्यान रखें कि बताई गई शब्द सीमाओं का अनुपालन हो रहा हो।

# बीईसीसी-133 : समष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत–I
# शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

पाठयक्रम कोड : बी.ई.सी.सी.-133
सत्रीय कार्य कोड : एएसटी / टीएमए / 2022-23
**कुल अंक : 100**

## सत्रीय कार्य–1

**निम्नलिखित वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्नों का उत्तर (प्रत्येक का) लगभग 500 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। 2x20=40**

1. (क) चार सेक्टर मॉडल में वृत्तीय प्रवाह को आरेख की सहायता से समझाइए।

   (ख) उत्पादन संभावना वक्र को आरेख की सहायता से समझाइए।

2. (क) स्पष्ट कीजिए कि राष्ट्रीय आय के आकलन में व्यय विधि किस प्रकार आय विधि से भिन्न है?

   (ख) बाज़ार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद ($GDP_{MP}$) की गणना करें।

| **मद** | | **(करोड़ रुपये में)** |
|---|---|---|
| (i) | निजी अंतिम उपभोग व्यय | 15,000 |
| (ii) | सरकार का अंतिम उपभोग व्यय | 11,500 |
| (iii) | कुल निश्चित पूंजी निर्माण | 1000 |
| (iv) | स्टॉक में वृद्धि | 200 |
| (v) | निर्यात | 500 |
| (vi) | आयात | 700 |
| (vii) | पूंजीगत खपत भत्ते | 650 |
| (viii) | विशुद्ध अप्रत्यक्ष कर (NIT) | 500 |

## सत्रीय कार्य–2

**निम्नलिखित मध्यम उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर लगभग (प्रत्येक का) 250 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का हैं। 3x10=30**

3. पारंपरिक (classical) सिद्धांत की प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए। यह केंजीय सिद्धांत से किस प्रकार भिन्न है?

4. निम्नलिखित की व्याख्या करें :

   क) निवेश गुणक

   ख) व्यापार शेष

   ग) चपल मुद्रा (hot money)

   घ) सकल घरेलू उत्पाद एवं सकल राष्ट्रीय उत्पाद

5. क) मुद्रा की माँग के केंजीय सिद्धांत की व्याख्या कीजिए।

   ख) तरलता वरीयता वक्र का व्युत्पन्न करें।

## सत्रीय कार्य–3

**निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर (प्रयेक का) लगभग 100 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है। 5x6=30**

6. मौद्रिक नीति के विभिन्न साधनों की व्याख्या कीजिए।

7. 16 लाख के निवेश में वृद्धि के परिणामस्वरूप कुल आय 40 लाख से बढ़कर 200 लाख हो जाती है। एमपीसी और एमपीएस के मूल्य क्या होंगे?

8. भारत में मुद्रा आपूर्ति के उपाय क्या हैं?

9. भुगतान संतुलन खाते में 'अदृश्य' शब्द को परिभाषित करें। अदृश्य के दो उदाहरण दीजिए।

10. संतुलित बजट गुणक कैसे कार्य करता है।